हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, रविवार, 31 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 16.2 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

15 प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच ने बदली भारत की तस्वीर व तकदीर: डा. बनवारी



16 बुजुर्गों को मिला अपना नया आशियाना



## खबर संक्षेप

### हादसे में घायल युवक की मौत के बाद केस दर्ज

**नाहड़।** बाइक की चपेट में आकर घायल हुए एक युवक की मौत के बाद पुलिस ने एक बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। कनीना निवासी टिंकू अपने दोस्त गाहड़ा निवासी अनिल के साथ बाइक पर कोसली जाते समय बाइक की चपेट में आकर घायल हो गया था। उसने नाहड़ से महेंद्रगढ़ अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### मकान में सेंध लगाकर नकदी व मोबाइल चोरी

**रेवाड़ी।** भक्ति नगर में चोर एक मकान में सेंध लगाकर नकदी और मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में कृष्ण कुमार ने बताया कि वह परिजनों के साथ घर से बाहर गया था। वापस आने पर घर का सामान बिखरा हुआ मिला। चोर 10 हजार रुपये और एक मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### ससुराल के लिए निकला युवक लापता

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी रोड पर एक सोसायटी से गुरूग्राम में अपनी ससुराल के लिए निकला युवक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि उसका भांजा मनीष सोनी गुरूग्राम में अपनी ससुराल जाने की बात कहकर घर से 21 दिसंबर को निकला था। इसके बाद वह न तो ससुराल पहुंचा और न ही घर आया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### स्नैचिंग के आरोपी से कई वारदातों का खुलासा

**रेवाड़ी।** महिला के गले से चेन झपटने के आरोपी की गिरफ्तारी कि बाद उसने स्नेचिंग की करीब आधा दर्जन वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने इस मामले में नई बस्ती निवासी प्रवीण को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से सोने की चेन बरामद करने के बाद पूछताछ की, तो उसने शहर में कई वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की। उसके कब्जे से चोरी की दो चेन बरामद हुई हैं।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी किए गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने इंद्रा कॉलोनी में मारपीट करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर 25 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने चंदन, गौरव व धीरज को इस मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### भाजपा नेताओं के हॉर्डिंग नहीं हटा रही नप

**रेवाड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने शनिवार को एक बयान में कहा कि एक ओर मनोहर सरकार पारदर्शिता की बात कर रही है, तो दूसरी ओर नगर परिषद के अधिकारी अवैध रूप से लगे हॉर्डिंग्स हटाने में भी भेदभाव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में नगर परिषद की इस कार्रवाई में भाजपा नेताओं के हॉर्डिंग्स को छुआ तक नहीं। इस कार्रवाई में पूरी तरह भेदभाव बरता जा रहा है।

### किसान के खेत से फव्वारा नोजल चोरी

**बावल।** रायपुर में चोर एक किसान के खेत में बने कोठरे का दरवाजा उखाड़कर फव्वारा सेट की नोजल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में किसान शुभराम ने बताया कि जब सुबह वह खेत में गया तो कोडरे का दरवाजा उखाड़ा हुआ था। कोठरे से चोर फव्वारा सेट की 10 नोजल चोरी कर ले गए। उसकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। इस एरिया में बार-बार खेतों में चोरियां हो रही हैं।

### सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर गिरेगी गाज

# नए वर्ष की आड़ में वारदात करने वालों पर रहेगी नजर, पुलिस ने जारी की आमजन के लिए एडवाइजरी

■ होटलों और रेस्टोरेंट पर भी रहेगी पुलिस की कड़ी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नव वर्ष 2024 का स्वागत करने की आड़ में अक्सर 31 दिसंबर की रात जश्न मनाने की आड़ में आपराधिक वारदातों को अंजाम देने की फिराक में रहने वाले लोगों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। एसपी दीपक सहारन ने आमजन के लिए एडवाजरी जारी की है। नए साल के जश्न के दौरान शहर में पुलिस सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर शराब के नशे में हुड़दंगबाजी करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

एसपी दीपक सहारन ने जिले के लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए साल को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है। नया साल आमजन के लिए खुशहाली और स्मृद्धि लेकर आए, ऐसी कामना की जाती है।

नए साल का स्वागत करने के लिए साल के अंतिम दिन आधी रात तक लोग खुशी का इजहार करते हुए जश्न मनाते हैं। कुछ असामाजिक तत्व इसकी आड़ में गैर कानूनी हरकतों को अंजाम देने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों से आमजन को सावधान रहते हुए खुद भी मर्यादित तरीके से नए साल का जश्न मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शराब के नशे में सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंगबाजी करने वाले और बाइकों पर पटाखे बजाते हुए स्टंट करने वाले लोगों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। ऐसे तत्वों के बारे में सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आपराधिक तत्वों को जश्न की आड़ में किसी तरह की छूट नहीं दी जाएगी। सुरक्षा को चाक चौबंद बनाने के लिए पूरे जिले में प्रमुख स्थानों पर पुलिसबल तैनात रहेगा।



रेवाड़ी। नाके पर जांच करते हुए पुलिस। फोटो :हरिभूमि

#### शराब पीकर वाहन चलाने से बचें

एसपी ने कहा कि नई साल के जश्न में अक्सर कुछ लोग शराब पीकर तेज गति से गाड़ी चलाते हैं, जो हादसों का कारण बनते हैं। ऐसे लोगों के लिए शनिवार शाम से ही पुलिस नाके लगा दिए हैं, जो नए साल का जश्न खत्म होने तक बने रहेंगे। इस दौरान नाके पर तैनात पुलिसकर्मी वाहनों की सघन जांच करते हुए चालकों का एल्कोहल परीक्षण भी करेंगे।

बाहर से आने वाले वाहनों पर पुलिस की खास नजर रहेगी। नाकेबंदी रविवार को आधी रात के बाद तक रहेगी।

#### होटलों और ढाबों पर सुरक्षा कड़ी

एसपी ने बताया कि अक्सर लोग नए साल का स्वागत करने के लिए होटलों, रेस्टोरेंट व ढाबों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। ऐसे स्थानों पर शराब के नशे में झगड़े की आशंका ज्यादा रहती है, इसलिए पुलिस विभाग ने इन स्थानों पर विशेष रूप से पुलिसबल की तैनाती करने का निर्णय लिया है। आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नए साल से पहले इन स्थानों पर सघन तलाशी अभियान भी शुरू किया गया है।

#### वाहन चालकों के लिए निर्देश

- वाहन चालक अपने वाहनों को नजदीक की पार्किंग में खड़ा करें।
- ऑटो चालक अपने वाहन को भीड़भाड़ वाली जगहों पर खड़ा नहीं करें।
- जहां जाम लगने की आशंका हो वहां अपने वाहनों को खड़ा नहीं करें।
- सरकुलर रोड पर खासतौर पर सड़क किनारे वाहनों को खड़ा नहीं करें।
- अफवाह फैलाने वाले लोगों के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें।
- ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को व्यवस्था बनाने के लिए सहयोग करें।
- कोहरे की स्थिति में यातायात के नियमों की पालना करते हुए चलें।
- हादसे या संदिग्ध की सूचना के लिए डायल-112 या 01274-225156 पर कॉल करें।

#### अफवाह फैलाने वालों पर नजर



एसपी ने बताया कि नई साल के जश्न की आड़ में कुछ लोग अफवाह फैलाने का काम कर सकते हैं। ऐसे में पुलिस विभाग की ओर से सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि असामाजिक तत्व अफवाह फैलाकर लोगों को भ्रमित नहीं कर सकें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह नए की पूर्व संध्या पर जहां तक संभव हो, सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का ही इस्तेमाल करें, ताकि सड़कों पर वाहनों की भीड़ नहीं बढ़े।

## पति की मारपीट के बाद मेडिकल कराने पहुंची, घर लौटते ही पति ने फिर पीटा

**धारूहेड़ा।** वाल्मीकि बस्ती में एक महिला पति की मारपीट के बाद अस्पताल में मेडिकल कराने के गई थी। उसके घर लौटते ही पति ने एक बार फिर से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने उसके बयान पर पति और सास के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में पिंकी देवी ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं। महिला का आरोप है कि उसके साथ पति देवेंद्र और सास संतरा देवी अक्सर मारपीट करते हैं। 26 दिसंबर को पति और सास ने उसके साथ मारपीट की। तंग आकर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए वह मीरपुर पीएचसी में मेडिकल कराने के लिए चली गई। महिला ने आरोप लगाया कि अस्पताल से आते ही उसके पति ने जमीन पर गिराकर उसे फिर से पीटना शुरू कर दिया। उसे गला दबाकर मारने का प्रयास किया। उसने पति ने चेतावनी दी कि जेल जाने से पहले वह उसे खत्म करके जाएगा। पुलिस ने महिला के बयान पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## 1230 करोड़ में एम्स की बिल्डिंग का होगा निर्माण, केंद्र सरकार ने जारी किया पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लंबे इंतजार के बाद केंद्र सरकार की एम्स निर्माण कराने वाली संस्था एचआईटीईएस ने शनिवार को माजरा में बनने वाले एम्स की बिल्डिंग का टेंडर फाइनल कर दिया। एलएंडटी कंपनी को लगभग 1230 करोड़ रुपये में इसका ठेका दिया गया है। इसके साथ एम्स का शिलान्यास जनवरी माह में ही होने की प्रबल संभावनाएं बन गई हैं। एम्स निर्माण के टेंडर का मामला दिसंबर माह में दो बार अटक गया था। आखिरकार हिट्स ने शनिवार के लार्सन एंड टर्बो कंपनी को जारी पत्र में बताया गया कि एम्स बिल्डिंग के निर्माण ठेका 12,300969880 रुपये में फाइनल किया गया है। बिल्डिंग और दूसरे निर्माण सहित इस राशि में सभी गुड्स और सर्विस टैक्स शामिल हैं। टैंडर फाइनल होने के बाद एम्स की बिल्डिंग का निर्माण अब नए साल के शुरू में ही आरंभ होने की उम्मीद है। जनवरी के मध्य तक पीएम मोदी एम्स का शिलान्यास कर सकते हैं। इसकी तैयारियां एम्स की जमीन पर पहली जनवरी को सोमवार के दिन देखने को मिल सकती हैं। एम्स का निर्माणकार्य शुरू कराने की मांग को लेकर एम्स संघर्ष समिति 90 दिन से धरना दे रही है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह लगातार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के संपर्क में थे।



रेवाड़ी। चारदीवारी का चलता कार्य।

#### शिलान्यास भी जल्द



एम्स का टेंडर फाइनल से इसका निर्माणकार्य जल्द शुरू हो जाएगा। तकनीकी कारणों के चलते टेंडर फाइनल होने में थोड़ा समय लगा है। इसका शिलान्यास भी जल्द होने जा रहा है। **-राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय मंत्री।**

#### क्षेत्र को बड़ा तोहफा



एम्स का टेंडर फाइनल होना इलाके की जनता के लिए सरकार की ओर से नए साल का बड़ा तोहफा है। केंद्र और राज्य सरकार दोनों एम्स निर्माण के मामले में गंभीरता दिखा रही हैं। **-डॉ. बनवारीलाल, मंत्री।**

## नहर के पास पेड़ से लटका मिला शव

**रेवाड़ी।** मंदोला नहर के पास शनिवार सुबह एक युवक शव पेड़ से लटका हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। युवक गुरूग्राम में किसी कंपनी की गाड़ी चलाता था। शव से कुछ दूर उसकी गाड़ी भी मामूली क्षतिग्रस्त हालत में मिली है। थाना खोल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। निमोठ निवासी करीब 30 वर्षीय संदीप गाड़ी चालक था। वह गुरूग्राम की किसी कंपनी की गाड़ी पर चालक था। शुक्रवार को वह अपने घर आया हुआ था। शाम के समय वह घर से कहीं चला गया। देर रात तक घर नहीं लौटने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। सुबह मंदोला नहर के पास रहने वाले लोगों ने पेड़ से एक शव लटकते हुए देखा। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सपुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाया। बाद में मृतक की शिनाख्त संदीप के रूप में हुई। शव के पास ही संदीप की पिकअप गाड़ी भी खड़ी मिली, जिसका अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हालत में मिला है।

## चोरी की बाइक बेचने निकले एवीटी की टीम ने दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



एंटी व्हीकल थेप्ट टीम ने राजस्थान के दौसा से चोरी की गई एक बाइक बेचने के लिए निकले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान बाइक की चोरी की अन्य वारदातों का खुलासा हो सकता है।

एवीटी टीम को सूचना मिली थी कि दो युवक अलावलपुर से धारूहेड़ा की ओर एक चोरी की बाइक बेचने के लिए आ रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने नंदरामपुर बास मोड़ पर नाकेबंदी करते हुए वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान बाइक पर आ रहे दो युवक पुलिस को देखकर बिना नंबर प्लेट की बाइक को वापस मोड़कर भागने लगे। पुलिस ने पीछा करते हुए दोनों को काबू कर लिया। दोनों बाइक के कागज नहीं दिखा पाए। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से पता किया तो यह जानकारी मिली की यह बाइक दौसा से चोरी हुई थी, जिसकी एफआईआर दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की तो एक ने अपना नाम राजस्थान के इसरोधा निवासी लखन और दूसरे ने दादिया निवासी रोहित बताया। उनके खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पूछताछ शुरू कर दी।

## गोदाम में लगी भीषण आग सामान जलकर राख

**बावल।** शुक्रवार देर रात रेवाड़ी रोड पर एक पत्तल के गोदाम में लगी आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी भीषण थी कि रेवाड़ी से भी फायर बिग्रेड की गाड़ी बुलानी पड़ी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आगजनी के कारणों की जांज शुरू कर दी। नई सब्जी मंडी के पास रेवाड़ी निवासी राकेश गुप्ता ने एक गोदाम किराए पर लिया हुआ है। इस गोदाम में उसने पत्तल और डोने का भंडारण किया हुआ था। करीब आधी रात को पड़ोस में रह रहे श्रमिकों को गोदाम में आग नजर आई। उन्होंने पुलिस और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दोनों गाड़ियों से भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद रेवाड़ी से एक और गाड़ी बुलानी पड़ी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग पर काबू पाए जाने तक गोदाम का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। आग से लाखों रुपये का सामान जल गया।

## विद्यार्थियों ने कला के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया

■ 'अध्यात्म हमारी विरासत' थीम के साथ राज स्कूल का चार दिवसीय वार्षिक समारोह सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राज इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा छठी से आठवीं के बच्चों के वार्षिक समारोह के साथ चार दिवसीय समारोह का समापन हो गया। शनिवार को वार्षिक समारोह 'अध्यात्म हमारी विरासत' थीम पर आधारित था। मुख्यातिथि ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रधान दिलबाग सैनी, बिजनेसमैन रवि चौहान, चेयरमैन म्युनिसिपल कमेटी नारनौल कमलेश देवी, बिजनेसमैन अनिल भार्गव, समाजसेवी अनिल रायपुर, डा. दीपक कपूर, सामाजिक कार्यकर्ता अजय पाटोदा, डा. आदेश सक्सेना, जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव, डा. तरुण राव और विद्यालय के चेयरमैन राजेंदर सैनी ने कार्यक्रम का आगाज किया। समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। मंच संचालन निशा यादव ने किया। विद्यार्थियों ने अध्यात्म, साधना और संस्कार थीम पर अनेक प्रस्तुतियां दी। उन्होंने ग्रुप सिंगिंग, कृष्णा डांस, नारी शक्ति, शेरावाली, रामाष्टंम, तू राजा की राजदुलारी, हनुमान चालीसा, वंदे मातरम व पपेट शो की प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा स्केटिंग, योगा व ताइक्वांडों में भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। नितिन व टीम, हिमानी, काव्य, हिमान्या, आराध्या, आर्यन, मानवी भारद्वाज व पार्थ की मनमोहक प्रस्तुतियां काफी सराहनीय रही। मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों ने अपने विचार प्रकट किए। स्कूल निदेशक नवीन सैनी ने कहा कि स्कूल का लक्ष्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। बच्चे केवल किताबी ज्ञान तक सीमित ना रहे अपितु व्यवसायिक क्षेत्र में भी आगे बढ़े।

विद्यालय के चेयरमैन, निदेशक जितेंद्र सैनी और हेमंत सैनी ने अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर धन्यवाद किया। कार्यक्रम में निशा यादव, रीमा, सोनाली, नवीन भारद्वाज, मदन डागर, रोहित, विवेक भारद्वाज, अभिषेक, मनोज, इन्द्राणी, वैशाली और मंजू का सराहनीय योगदान रहा।



रेवाड़ी। समारोह में प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### आसमान में बादल छाने से ठंड बढ़ने की आशंका, ठंड के साथ बढ़ने लगी बिजली की खपत

# ठंड से दूसरे दिन 2 डिग्री की राहत, कोहरे का असर भी रहा कम

■ सुबह से ही कोहरा कम रहने के बावजूद सूरज नहीं निकलने से अंधेरा छाया रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीजन की सबसे अधिक ठंड शुरू होने के बाद तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि ने दूसरे दिन ठंड से मामूली दिलाने का काम किया। कोहरे का प्रकोप भी कम रहा। सूर्यदेव की तपिश ने दोपहर के समय मौसम साफ कर दिया, लेकिन शाम के समय बादल छाने के बाद मौसम में बदलाव आ गया। मौसम विभाग के अनुसार कोहरे का असर अभी जारी रह सकता है। कोहरा साफ होने व तापमान में गिरने की स्थिति में पाले का असर शुरू हो सकता है। शनिवार को मौसम में थोड़ा बदलाव आया। सुबह के समय कोहरे का असर कम रहा, जिससे सड़कों पर वाहन चालकों को काफी राहत मिली। अधिकतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर होकर 16.2 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी इतना ही बढ़कर 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से ही कोहरा कम रहने के बावजूद सूरज नहीं निकलने से अंधेरा छाया रहा। दोपहर तक सूरज निकलने के बाद मौसम साफ हो गया। शाम के समय आसमान में बादल छाने के बाद सूर्य समय से पहले लुप्त हो गया। ठंड का असर मामूली कम रहा, परंतु जनजीवन इससे प्रभावित रहा। कड़ाके की ठंड शुरू होने के बाद लोगों को सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है।



रेवाड़ी। शनिवार को आसमान में छाए बादल। फोटो :हरिभूमि

मौसम विभाग के अनुसार आसमान में बादल छाने के बावजूद अभी बरसात की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम में बदलाव बना रहेगा। तापमान में और गिरावट आने के बाद पाला जमना शुरू हो सकता है, जो सरसों की अगेती फसल को नुकसान पहुंचा सकता है।

#### बिजली की खपत के साथ पावर कट शुरू

सर्दी बढ़ने के साथ बिजली की खपत में वृद्धि होने लगी है। सर्दी से बचाव के लिए हीटर और अन्य उपकरण चलने शुरू हो गए हैं। इससे घरेलू बिजली का लोड बढ़ने लगा है। खेतों में किसान फसल सिंचाई पर जोर दे रहे हैं। इससे कृषि क्षेत्र में भी बिजली की मांग बढ़ने लगी है। इस समय बिजली की खपत 120 लाख यूनिट तक पहुंच गई है। ठंड के साथ इसमें और वृद्धि होने की संभावना है। खपत बढ़ने के साथ ही शुक्रवार की रात कृषि तथा घरेलू बिजली पर कट लगाए गए। कटों की संख्या सर्दी के साथ बढ़ने के आसार हैं।

#### पाला जमने पर नुकसान की आशंका

अभी तक मौसम रबी फसलों के अनुकूल बना हुआ है। पाला जमना शुरू नहीं हुआ है। पारा जमाव बिंदू की ओर खिसकने के बाद पाला जमने की आशंका रहेगी, जो फसलों को नुकसान पहुंचा सकता है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि भारी ठंड से फसलों को बचाने के लिए किसानों को फसलों की नियमित रूप से हल्की सिंचाई करनी चाहिए। सिंचाई से जमीन का तापमान बढ़ जाता है, जिससे पाला जमने की आशंका कम हो जाती है। पाला जमना शुरू होने के बाद खेत के किनारे शाम के समय धुआं करना चाहिए। इससे खेत में पाले का जमाव नहीं होगा।

# सिर्फ 100 रुपये हर रोज बचाएं और बन जाएं मालामाल



सुझाव | बिजनेस डेस्क

- सिर्फ चाय-सिगरेट के पैसों से भी बन सकते हैं करोड़पति
- नौकरी के साथ साथ ही तैयार हो जाएगा मोटा फंड
- चैन से कटेगा बुढ़ापा, बच्चों की शिक्षा के खर्च की नहीं होगी टेंशन
- म्यूचुअल फंड की एसआईपी में 12 फीसदी तक मिल रहा रिटर्न

कहते हैं कि अमीर बनने का सबसे आसान तरीका है, बचत करना। आजकल तो निवेश के ऐसे विकल्प भी मौजूद हैं, जो मामूली सी रकम को पैसों के ढेर में बदल सकते हैं। बावजूद इसके लोगों में बचत और निवेश को लेकर जागरुकता काफी कम है। अगर कोई निवेशक सिर्फ चाय और सिगरेट की आदत छोड़कर इन पैसों को निवेश करें तो नौकरी खत्म होने तक उनके पास 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड जमा हो जाएगा। बाजार के जानकारों का कहना है कि निवेश को लेकर लोगों के सुस्त रुझान से बहुत दिक्कतें आती हैं और कई लोग तो आर्थिक रूप से तंगहाली में ही दम तोड़ देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 20 करोड़ ऐसे यूजर हैं, जिनके पास किसी न किसी ओटीटी का सब्सक्रिप्शन है. इस पर हर महीने 150 से 200 रुपये खर्च करते हैं, लेकिन म्यूचुअल फंड में 100 रुपये से भी निवेश करने वालों की संख्या इसकी महज 10 फीसदी यानी 2 करोड़ है. राधिका की बात कई मायनों में सही भी है, क्योंकि अगर नौकरी शुरू करने वाला युवा सिर्फ रोज के चाय-सिगरेट जितने खर्च का पैसा भी निवेश करे तो रिटायरमेंट तक मोटा फंड तैयार हो जाएगा।

### हर महीने कितना पैसा होगा जमा

मान लीजिए कोई दिनभर में सिर्फ 3 सिगरेट पीता है, जिस पर उसका औसतन खर्चा 60 रुपये होता है। इसके अलावा ऑफिस टाइम में 3 से 4 कप चाय पीता है तो भी औसतन 40 रुपये का खर्चा आएगा। दोनों को जोड़ दिया जाए तो रोजाना सिर्फ चाय-सिगरेट पर ही 100 रुपये का खर्चा हो जाएगा। यानी महीने में निवेश करने वाली रकम करीब 3,000 रुपये होगी।

### कैसे बनेगा करोड़ों का फंड

निवेश के जानकारों का कहना है कि अगर सिर्फ रोजना के चाय और सिगरेट के पैसों को निवेश किया जाए तो नौकरी करने के दौरान यानी करीब 30 साल में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड तैयार हो जाएगा। अगर 30 साल की उम्र में नौकरी शुरू करने के साथ ही कोई 3000 रुपये हर महीने की एसआईपी शुरू करता है तो 30 साल में उसकी ओर से कुल 10.80 लाख रुपये का निवेश किया जाएगा। इक्विटी म्यूचुअल फंड का लंबी अवधि में औसतन रिटर्न 12 फीसदी रहता है। इसी रिटर्न से देखा जाए तो रिटायरमेंट तक यह निवेश बढ़कर 1,05,89,741 रुपये पहुंच जाएगी। इस दौरान 95,09,741 रुपये सिर्फ ब्याज के रूप में मिलेंगे।


### किस फंड पर दांव लगाना सही

ऐसा नहीं है कि म्यूचुअल फंड सिप पर 12 फीसदी रिटर्न सिर्फ कहने की बात है। बाजार में कई ऐसी फंड योजनाएं हैं, जो 20 साल की लंबी अवधि में 12 फीसदी से कहीं ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखती हैं। पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के अनुसार, कई ऐसे ही फंड हैं, जिनका 20 साल का औसतन रिटर्न 12 फीसदी से कहीं ज्यादा है।

### इन फंडों का ऐसा रिटर्न

- आदित्य बिड़ला वेल्थ एस्पायर फंड ने 10 साल से ज्यादा निवेश पर 19.20% फीसदी का रिटर्न दिया है।
- बजाज आलियांज स्मार्ट वेल्थ लक्ष्य ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 17.90% सालाना का रिटर्न दिया।
- एचडीएफसी लाइफ संपूर्ण निवेश में पैसे लगाने वालों को लंबी अवधि में हर साल 17.70% का रिटर्न मिला।
- मैक्स लाइफ ऑनलाइन बचत ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 16.90% का रिटर्न मिला।
- भारती एक्सा लाइफ वेल्थ प्रो फंड ने भी 10 साल से ज्यादा अवधि में 16.60% का औसतन रिटर्न दिया है।

# गिरते को करो सलाम, खूब लगाओ दांव, बरसेगा धन



निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं या करने जा रहे हैं तो एक बात पल्ले गांठ बांध लें कि मोटे पैसे कमाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसलिए सबसे पहले तो लंबी अवधि के निवेश पर ध्यान दें। निवेश करने से पहले जिस कंपनी के शेयर खरीद रहे हैं, उसकी प्रोफाइल भी जांच लें। हां एक बात और ध्यान रखें की निवेश से पहले अपने गोल तय करें और शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव से घबराएं नहीं। धैर्य और संयम बनाए रखें। अक्स्र देखने में आता है कि पैसा लगाने वाले नए लोग एक बड़ी गलती ये करते हैं कि वह बढ़ते शेयरों पर दांव खेलते हैं। इसमें कुछ खराबी नहीं है, लेकिन इनसे कमाई की संभावना कम होती है या रिटर्न बेहद कम ही मिल पाता है। कई बार तो नुकसान भी उठाना पड़ता है। अगर कोई शेयर अपने 52 हफ्तों के हाई के आसपास ट्रेड कर रहा है तो नए निवशकों को उससे दूरी ही बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि उस शेयर के गिरने के चांस काफी हाई होते हैं। इसलिए अक्सर कहा जाता है कि बाजार में ऐसे शेयरों में पैसा लगाएं जो काफी टूट गए हों। यानी शेयर बाजार में गिरते को सलाम करें और खूब निवेश करेंगे तो धन बरसेगा यानी आपको बेहतर रिटर्न मिलेगा।

बाजार के जानकारों का कहना है कि यह कोई नहीं बात नहीं है। यह काफी पुराना और आजमाया हुआ फॉर्मूला है। बाजार के मंझे हुए खिलाड़ी इसे अच्छे से समझते हैं, लेकिन इसमें एक परेशानी यह है कि आपको कैसे पता चलेगा कि कोई शेयर अब अपने निचले स्तर तक पहुंच चुका है और अब वह उससे नीचे नहीं जाएगा। इसके पीछे कई फैक्टर्स काम करते हैं, लेकिन एक महत्वपूर्ण इंडिकेशन है कि उस शेयर का पिछला रिकॉर्ड लो है। अगर वह शेयर अपने रिकॉर्ड लो के करीब या उससे नीचे पहुंच गया है तो इसका मतलब है कि अब उस शेयर में खरीदारी का समय है। इस समय निवेशकों को चाहिए कि वे निवेश करें और अच्छा रिटर्न प्राप्त करें।

- बाजार में तेज गिरावट के समय दिग्गज देते हैं खरीदारी की सलाह
- यह पैसा बढ़ाने का सबसे बेहतर फार्मूला, कभी नहीं होंगे कंगाल
- अक्सर गिरावट के समय लोग पैनिक होते और पैसे निकालते हैं
- यह परंपरा गलत, रिकवरी का नहीं मिलता लाभ, होता है नुकसान
- निवेश का पहला मूल मंत्र संयम बनाए रखें
- इंतजार करें और अपने निवेश को बढ़ाते जाएं
- बाजार के उतार-चढ़ाव से घराएं नहीं
- शेयर बाजार में निवेश के लिए जरूरी है धैर्य
- जल्दबाजी में शेयर बेचने से हो सकता है नुकसान
- शेयर में पैसा लगाने से पहले देखें कंपनी की वित्तीय स्थिति



### अगर जारी रहा डाउनवर्ड ट्रेंड

एक सवाल ऐसे में यह भी उठता है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहा तो क्या होगा। कई इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी फर्म इस पर कहती है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहता भी है तो भी घबराने की जरूरत नहीं है। कई बार मार्केट डाउन होने पर मजूबत शेयर भी क्रॉस फायरिंग में फंसते हैं और गिरते रहते हैं। यही वह समय है जब आपको घबराने की जरूरतर नहीं है और संयम बरतना है। अगर ऐसे में गिरावट से आपको घाटा लग भी रहा हो तो भी अपने शेयर को बेचें नहीं और धैर्य बनाए रखें, क्योंकि ये मजबूत शेयर जरूर वापसी करेंगे और आपके द्वारा डिस्काउंट पर की गई खरीदारी आपको जबरदस्त कमाई कराएगी यानी आपको मालामाल होने से कोई नहीं रोक पाएगा।

### घबराहट में निर्णय न लें

हमेशा याद रखें कि अर्थव्यवस्था और बाजार का मिजाज चक्रीय होता है। जिस तरह तेजी का दौर आता है, वैसा ही गिरावट का दौर भी बन सकता है। जाहिर है, गिरावट वाले दौर में घबराकर बिकवाली करना अच्छी रणनीति नहीं होगी। अच्छे शेयर अक्सर लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देते हैं।

### नुकसान में न बेचें शेयर

उतार-चढ़ाव शेयर बाजार का स्वभाव है। निवेशकों को शेयर बाजार में आई गिरावट से घबराना नहीं चाहिए। अगर आपने शेयर बाजार में पैसा लगा रखा है और इसमें आपको अभी नुकसान हुआ है तो भी आपको नुकसान में अपने शेयर बेचने से बचना चाहिए। क्योंकि लॉन्ग टर्म में मार्केट में रिकवरी की उम्मीद है। ऐसे में अगर आप अपने शेयर्स को लम्बे समय के लिए होल्ड करते हैं तो आपको नुकसान होने की उम्मीद कम हो जाएगी।



### किस बात का रखना है विशेष ध्यान

यह जरूर याद रखें कि किसी भी शेयर को बिना जांचे परखे न खरीदें। शेयर खरीदने से पहले कंपनी के वित्त और उस सेक्टर के भविष्य को लेकर अध्ययन जरूर कर लें। गिरावट की स्थिति में अगर खराब शेयर हाथ में लग तो 'कंगाली में आटा गीला' वाला हाल हो जाएगा।

### दिग्गजों की सलाह

जाने-माने निवेशक वॉरेन बफे ने 2016 में कहा था कि जब मार्केट नीचे जा रहा हो तो शेयर खरीदने से पहले बहुत ज्यादा छानबीन नहीं करेंगे तो भी चल जाएगा। दिग्गज निवेशक जैक बोगल ने भी एक इंटरव्यू में 2018 में कहा था कि बाजार में हो रहे बदलावों (गिरावट) से घबराकर अपने मन को ना बदलें और शेयर खरीदकर उसे होल्ड करें। अगर आप रिकवरी (बाजार की) का फायदा उठाने से चूके तो संभव है कि आप अपने वित्तीय लक्ष्यों से भी चूक जाएं।

### अनुशासन बनाए रखें

पोर्टफोलियो में नाटकीय रूप से बदलाव करते रहने से जोखिम बढ़ता है। ऐसी आदत लंबी अवधि के लक्ष्यों पर नकारात्मक असर डाल सकती है। बेहतर होगा कि बाजार में फौरी उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज करें और अनुशासन बनाए रखें। यदि पोर्टफोलियो में बदलाव जरूरी लगे तो छोटे-छोटे बदलाव करें। इन बदलावों से आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है। जरूरी यह है कि निवेश में हमेशा अनुशासन बनाए रखें और निवेश करते जाएं।

प्लानिंग से बनेगा फटाफट पैसा, आराम से कटेगा बुढ़ापा

# सिर पर आ गया रिटायरमेंट तो ऐसे करें निवेश का प्लान

जानकारी | बिजनेस डेस्क

*इक्विटी फंड लंबी अवधि में 10 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे रहे*

**"रिटायरमेंट करीब आ गया है और आपके पास बुढ़ापे के लिए सेविंग नहीं है। ऐसे लोगों के लिए भी निवेश के कई विकल्प हैं, जहां कम समय में ही मोटा पैसा बनाया जा सकता है। अगर आप भी ऐसा कुछ सोच रहे हैं तो आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।"**

यह बात सही है कि निवेश और बचत जितनी जल्दी शुरू की जाए, उतना ही बेहतर होता है और फायदा भी ज्यादा मिलता है, लेकिन, जिंदगी की जिम्मेदारियों को पूरा करने और लोन वगैरह चुकाने में फंसकर रह गए और सेविंग नहीं कर सके। ऊपर से रिटायरमेंट भी सिर पर आ गया है तो अब कहां पैसा लगाएं, जिससे फटाफट आपके खाते में एक मोटा फंड जमा हो जाए। रिटायरमेंट की प्लानिंग भी कई बार खर्चों और जिम्मेदारी की वजह से नहीं हो पाती और आप देखते ही देखते 50 की उम्र पार कर जाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हुआ है और अभी तक रिटायरमेंट के लिए पैसे नहीं जोड़ सके हैं तो निवेश की अलग रणनीति बनाकर मोटा फंड जुटा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आपकी देनदारियां कम हों और आप बाजार में थोड़ा जोखिम उठाने के लिए भी तैयार हों। आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।



### ज्यादा रिटर्न वाले विकल्प चुनें

किसी भी नौकरीपेशा के लिए 50 साल की उम्र वह पड़ाव होता है, जब उसकी आय अपने उच्चतम स्तर पर और लोन आदि की देनदारियां लगभग खत्म होने की कगार पर रहती हैं। ऐसे में निवेशक जोखिम लेने में भी सक्षम रहता है तो उसकी पूरी रणनीति ज्यादा रिटर्न पाने की होनी चाहिए। इसके लिए इक्विटी आधारित निवेश पर जोर देना बेहतर होगा। कुछ हिस्सा इंटरनेशनल इक्विटी फंड, डेट फंड और सोने में भी लगाना चाहिए। निवेशक ध्यान रखें कि इक्विटी में लगाने वाले पैसे को कम से कम 10 साल तक बनाए रखेंगे तो 10-12% का जबरदस्त रिटर्न मिल सकता है।

### ... जोखिम नहीं लेना चाहते तो

50 साल से ज्यादा उम्र के ऐसे निवेशक, जिनमें जोखिम लेने की क्षमता नहीं होती और शॉर्ट टर्म का लक्ष्य लेकर चलते हैं, उन्हें लार्जकैप सेग्मेंट में सबसे ज्यादा निवेश करना चाहिए। ऐसे निवेशकों को लॉर्जकैप फंड में कुल फोलियो का 50%, मल्टीकैप फंड में 40%, मिड और स्मॉलकैप फंड में 10% का निवेश करना चाहिए। इसके अलावा अन्य फंड से फोलियो घटाना हो तो कम अवधि वाली एफडी और पोस्ट ऑफिस की योजनाओं में निवेश कर सकते हैं।

### यह नियम अपना सकते हैं

- 60 के करीब हैं तो 3 भाग में बाटें पैसा: जब आपकी उम्र 60 के करीब हो या आप रिटायरमेंट ले चुके हैं तो निवेश को तीन भागों में बांटकर रिटर्न का लक्ष्य बनाएं।
- पहला लिक्विड फंड का खाता बनाएं जो आपको जरूरत पड़ने पर तत्काल पैसे उपलब्ध करा सके। इसमें 40 महीने के खर्च के बराबर राशि जमा करें, जो एफडी या शार्ट टर्म बांड में लगाई जा सकती है। इसमें 15-20% का निवेश हो।
- दूसरा स्थायी आय का विकल्प तैयार करें, जिससे निवेश पर कोई जोखिम न हो और निश्चित रिटर्न भी मिलता रहे। इसके लिए वय वंदन योजना या आरबीआई बांड में पैसे लगा सकते हैं। इसमें 45-50% का निवेश करना चाहिए।
- तीसरे विकल्प में ज्यादा रिटर्न देने वाले निवेश शामिल करें, जो फंड को तेजी से बढ़ा सकें। इसके लिए बाजार से जुड़े इक्विटी उत्पाद चुन सकते हैं। इसमें 30-40% हिस्सा लगाना चाहिए।

# आपके माता-पिता के लिए बेस्ट हैं ये सुरक्षित निवेश की स्कीम

बिजनेस डेस्क

रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर निवेशक अपने रुपये पैसे को लेकर ज्यादा सजग रहते हैं और जब निवेश की बात होती है तो वह इसके लिए पूरी तरह से सुरक्षित विकल्प खोजते हैं। सीनियर सिटीजंस के लिए अपनी जमा पूंजी के बड़े हिस्से को सुरक्षित निवेश करने और उसके जरिए स्टेबल रिटर्न पाने के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे अच्छे विकल्पों में शामिल है। असल में रिटायरमेंट के बाद निवेशक बाजार का ज्यादा जोखिम लेने की स्थिति में नहीं होते हैं। ऐसे में निश्चित रूप से फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) जैसे सुरक्षित निवेश विकल्प उनके लिए बेहतर है। इस पर न सिर्फ रिटर्न की गारंटी होती है, बल्कि आपका पैसा भी सुरक्षित रहता है। सीनियर सिटीजेंस फिक्स्ड डिपॉजिट पर बैंक सामान्य एफडी की तुलना में ज्यादा ब्याज देते हैं। इन योजनाओं में जोखिम बहुत ही कम होता है।

### बैंक देते हैं ज्यादा ब्याज

सीनियर सिटीजन आम तौर पर बाजार का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। उनकी जोखिम लेने की क्षमता कम होती है और वे अपना पैसा सुरक्षित निवेश विकल्पों में निवेश करते हैं। बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान सीनियर सिटीजंस को लो रिस्क कैटेगरी का मानते हैं और उन्हें निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए एफडी पर ज्यादा ब्याज दरों की पेशकश करते हैं। एक और वजह यह है कि बैंक उन्हें अपना भरोसेमंद ग्राहक मानते हैं, क्योंकि रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर सीनियर सिटीजंस की पसंद एफडी होती है।

### सीनियर सिटीजेंस एफडी के फायदे

ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजंस फिक्स्ड डिपॉजिट में सामान्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम की तुलना में 50 बेसिस प्वॉइंट यानी 0.50 फीसदी अतिरिक्त ब्याज देते हैं। आपने तय ब्याज दर पर एफडी लॉक कर दी तो मैच्योरिटी तक दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी गारंटी के साथ रिटर्न मिलेगा। भारत में आरबीआई द्वारा बैंकों को रेगुलेट किया जा रहा है। सरकार समर्थित स्कीम होने के चलते एफडी पूरी तरह से सुरक्षित है।

### यह भी विकल्प

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी पर एनुअल बेसिस पर, तिमाही बेसिस पर या मंथली बेसिस पर इंटरेस्ट पेआउट का विकल्प चुन सकते हैं। एफडी का इस्तेमाल लोन लेने के लिए कोलैटरल के रूप में किया जा सकता है। सबसे जरूरी कि इसमें अकाउंट खोलने की प्रक्रिया बेहद आसान है।

### कितना लगता है टैक्स

बैंकों में 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत 1.50 रुपये तक की जमा पर टैक्स बेनिफिट ले सकते हैं। वहीं, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80टीटीबी के अनुसार, सीनियर सिटीजंस एफडी पर एक वित्त वर्ष में अर्जित होने वाले 50 हजार रुपये तक के ब्याज पर टैक्स नहीं देना होता है। अगर किसी वित्त वर्ष में ब्याज की राशि 50 हजार रुपये से अधिक हो तो बैंक इस आय पर टीडीएस वसूलेंगे। आईटी की धारा 194ए के तहत टीडीएस वर्तमान में 10 फीसदी कम है। वरिष्ठ नागरिक एफडी पर अर्जित ब्याज के तहत टैक्स छूट का दावा करने के लिए फॉर्म 15एच का उपयोग कर सकते हैं।

### फॉर्म 15जी/फॉर्म 15एच की प्रयोज्यता

यदि आपकी मूल आय 2.50 लाख रुपये प्रति वर्ष की छूट सीमा से कम है। केवल एक व्यक्ति (60 वर्ष तक) या एचयूएफ या ट्रस्ट, फॉर्म 15जी जमा कर सकता है। यह कंपनियों और व्यवसायों के लिए नहीं है। 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को फॉर्म 15जी के स्थान पर फॉर्म 15एच भरना और जमा करना होता है।

म्यूचुअल फंड में निवेश के कई बेहतर विकल्प, पति की रिटायरमेंट तक बना लेंगी अच्छा खासा फंड

# हाउसवाइफ भी जोड़ सकती हैं करोड़ों की रकम

अक्सर देखा जाता है कि घरेलू महिलाओं के सामने आर्थिक आजादी की समस्या आ जाती है। जिंदगी में हर काम के लिए वह पति की कमाई और पूंजी पर निर्भर रह जाती हैं। लेकिन वे भी थोड़ी सी सावधानी के साथ बचत और निवेश करें तो आर्थिक रूप से आजादी के साथ ही पति की रिटायरमेंट तक घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ एक करोड़ से ज्यादा का फंड बना सकती है।

तैयारी | बिजनेस डेस्क

*हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का निश्चित जरिया नहीं*

हाउसवाइफ की जिंदगी किसी भी नौकरी पेशा से अधिक बिजी होती है। सुबह जल्दी जागकर घर का सारा काम करना। पति के लिए नाश्ता और लंच बनाना। बच्चों का टिफिन तैयार करना और बुजुर्गों की दिनभर देखभाल करना। एक हाउसवाइफ के लिए यह सारे काम रोज सांस लेने की तरह हैं। एकदम ऑफिस में काम करने जैसा, लेकिन इतना सारी जिम्मेदारियों के बाद भी वह आर्थिक रूप से आजाद नहीं रहती। सोचो क्या उनके पास वित्तीय आत्मनिर्भरता रहती है। 100 में 90 का जवाब होगा, नहीं। पर, अगर आप थोड़ा सा वक्त और पैसा अपने लिए निकालें तो पति की रिटायरमेंट होने तक एक करोड़ से ज्यादा का फंड जुटा लेंगी। इसलिए आपको सिर्फ थोड़ी सी प्लानिंग के तहत काम करना होगा और एक महीने में अपने रोजमर्रा के खर्चे से कम से कम 2600 रुपये तक बचाने होंगे। एक स्टॉक ब्रोकर कंपनी का कहना है कि ज्यादातर हाउसवाइफ की नजर सिर्फ परिवार की देखभाल और उनसे जुड़ी जिम्मेदारियों तक सिमटकर रह जाती है। इस भागदौड़ के बीच अगर सिर्फ मट्ठी भर पैसा हर महीने अपने नाम से जमा करना शुरू कर दें, तो पति की रिटायरमेंट तक आपके पास भी मोटा फंड बन जाएगा। आज महिलाओं के लिए भी ऐसे निवेश विकल्प हैं, जहां थोड़े पैसे लगाकर भी लंबी अवधि में बड़ी पूंजी जमा हो जाती है।

### कितने पैसे की होगी जरूरत

यह बात तो सभी जानते हैं कि हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का कोई निश्चित जरिया नहीं होता। इस लिहाज से घर खर्च में पैसे बचाकर वे अपने पास हर महीने कुछ रुपये जमा कर सकती हैं। अगर आप भविष्य के लिए फंड बनाने की सोच रहीं तो बस आपको बच्चे की रोजाना टिफिन जितना खर्चा ही बचाना होगा। मान लीजिए, बच्चे की रोज की टिफिन और जेब खर्च के पीछे आपके 100 रुपये खर्च होते हैं, तो हर महीने आप 4 रविवार हटाकर भी 2,600 रुपये का फंड जुटा लेंगे।



### इन पैसों को करें निवेश

आपने देखा कि हर महीने आपके पास 2,600 रुपये जमा हो रहे हैं तो अब आप एक म्यूचुअल फंड की एसआईपी खुलवा दीजिए। म्यूचुअल फंड में आप हर महीने 2,600 रुपये भी जमा करती हैं तो लंबी अवधि यानी 10 साल से ज्यादा के समय में आपको इस पर हर साल 12 फीसदी का औसत रिटर्न मिल जाएगा।

### पति की रिटायरमेंट तक कितना पैसा

मान लीजिए आपकी शादी 28 साल की उम्र में होती है और पति की रिटायरमेंट उम्र 60 साल है। इस तरह आपके पास निवेश करने के लिए 32 साल मिलेंगे। इन 32 सालों में 2,600 रुपये हर महीने के हिसाब से आप कुल 9,98,400 रुपये यानी करीब 10 लाख रुपये का निवेश कर सकेंगी। इस पर हर साल 12 फीसदी का रिटर्न मिलता है तो 32 साल में आपका कुल फंड बढ़कर 1,17,24,172 रुपये हो जाएगा, जिसमें ब्याज की रकम 1,07,25,772 रुपये होगी।

### इकोनॉमी में 16% से ज्यादा का योगदान

ध्यान रखने वाली बात यह है कि आपने 32 साल तक लगातार एक ही निवेश बनाए रखा है। अगर आप हर साल निवेश की जाने वाली राशि में बढ़ोतरी करते हैं तो यह फंड और भी ज्यादा हो जाएगा। इस तरह, पति की रिटायरमेंट आने तक आप घर में रहकर एक करोड़ से ज्यादा फंड तैयार कर लेंगी। इस तरह हाउसवाइफ को भी आर्थिक आजादी मिलेगी और वह भी आसानी से एक बढ़िया फंड तैयार कर लेगी। इसलिए जरूरी है कि महिलाओं को भी अपने रोजमर्रा के खर्च से कुछ न कुछ बचाकर निवेश करना चाहिए। इससे उनको आत्मनिर्भर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## खबर संक्षेप

### बम-ब्लास्ट होने पर मॉक ड्रिल से परखी तैयारी

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की ओर से आपातकालीन तैयारियों की जांच के लिए शनिवार को डीएसपी संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कोर्ट परिसर में बम-ब्लास्ट की से निपटने की मॉक-ड्रिल की गई। पुलिस थाना मॉडल टाउन को पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से एक सूचना कोर्ट परिसरमें बम-ब्लास्ट होने की मिली थी, जिस पर पुलिस, बम डिस्पोजल, स्वेट एंटी सैबोटेज, फायर विभाग, एंबुलेंस व सिविल अथॉरिटीज की टीमों ने तुरंत मौके पर जाकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

### रेलवे स्टेशन टिकट घर के बाहर मिला अधेड़ का शव

**रेवाड़ी।** रेलवे स्टेशन परिसर में अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है। जीआरपी एएसआई सुरेंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार को रेलवे टिकट घर के बाहर एक भिखारीनुमा व्यक्ति के अचेतावस्था में लेटे होने की सूचना मिली थी। मौके जांच में वह मृत पाया गया। उन्होंने अधेड़ की ह्रदय गति रुकने से मौत की आशंका जताई है। मृतक की शिनाख्त नही हो पाई है।

### टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी के मेंबर बने हिमांशु

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी रोड निवासी बीजेपी के युवा नेता हिमांशु पालीवाल को टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी का मेंबर नियुक्त किया गया है। भारत संचार निगम लिमिटेड ने पालीवाल की नियुक्ति के ऑर्डर जारी किए हैं। टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी का मेंबर मनोनीत करने पर हिमांशु ने बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। हिमांशु पालीवाल शुरू से ही बीजेपी के कर्मठ कार्यकर्ता है।

### बाबा गंगापुरी धाम पर जागरण आज

**नाहड़।** आदर्श गांव नाहड़ के इष्टदेव बाबा गंगापुरी धाम पर नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जागरण का आयोजन किया जाएगा। बाबा गंगापुरी कमेटी के प्रधान सरपंच महेंद्र सिंह एवं मीडिया प्रभारी अमित भोला ने बताया कि 31 दिसंबर को नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित जागरण में अमन केसवानिया, बलराम व परमानंद की ओर से रात्रि 8 बजे से बाबा का गुणगान किया जाएगा।

### देश व समाज के निर्माण में योगदान दें युवाः संजय

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की ओर से शनिवार को गांव जोनावास में वालीबॉल प्रतियोगिता का किया आयोजन गया। पुलिस की ओर से जिले में हरियाणा उदय मुहिम के तहत नशा विरोधी अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करके युवाओं को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर धारूहेडा थाना प्रबंधक संजय कुमार, सउपनि संदीप कुमार, मुसि चमन तथा गांव के मौजिज व्यक्ति मौजूद थे।

### आरडब्ल्यूए सेक्टर-4 के चुनाव 11 फरवरी को

**रेवाड़ी।** हुडा रेजिडेट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-4 के गवर्निंग बॉडी के चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारी की ओर से शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आरडब्ल्यूए सेक्टर-4 के चुनाव 11 फरवरी को कराए जाएंगे। चुनाव अधिकारी सतबीर सिंह यादव ने बताया कि 1 जनवरी को सुबह 11 बजे आजीवन सदस्यों की सूची का प्रदर्शन किया जाएगा। 2 जनवरी से 14 जनवरी तक सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक मतदाता सूचि पर आपत्ति दर्ज कराई जा सकेगी।

### छात्रों व ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचने के दिए टिप्स

**डहीना।** जिला पुलिस लगातार आमजन को साइबर अपराध के बारे में जागरूक कर रही है। शनिवार को साइबर थाना इंचार्ज कृष्ण कुमार व एसआई राहुल ने टीम में सिपाही अशोक ने राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल दड़ौली व राजकीय स्कूल बुड़ौली में विद्यार्थियों, महिलाओं तथा ग्रामीणों को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया।

## सहकारिता मंत्री ने रसियावास व रानौली में किया संकल्प यात्रा का स्वागत

# प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच ने बदली भारत की तस्वीर व तकदीरः डा. बनवारी

**मोदी साढ़े नौ वर्ष में भेदभाव समाप्त कर सरकार की योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचा रहे: सहकारिता मंत्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतिम व वंचितों को वरीयता के मूल मंत्र के साथ भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि देश जब आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति को प्राथमिकता देता है तो प्रगति के रास्ते स्वयं खुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साढ़े नौ वर्ष में भेदभाव समाप्त कर सरकार की योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचा रहे हैं। प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच ने देश की तस्वीर व तकदीर बदल दी है। सहकारिता मंत्री शनिवार को बावल विधानसभा के गांव रसियावास व रानौली में विकसित भारत-जनसंवाद संकल्प यात्रा का स्वागत करने उपरांत उपस्थित लोगों से संवाद कर रहे थे। डा. बनवारी लाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से जनता लाभांवित होकर खुशहाल हो रही है और जनता की खुशहाली से देश समृद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक एकजुट होकर ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करे तो 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए भारत में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करें इससे हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इसके लिए हम सकारात्मक सोच के साथ अपने कार्य विशेष के लिए अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करें।


रेवाड़ी। लोगों की समस्या सुनते डा. बनवारी लाल।


रेवाड़ी। लोगों को शपथ दिलाते सहकारिता मंत्री।

### जनसंवाद से आसान हुई जनकल्याण की राह

सहकारिता मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं सहित परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन व अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को मौके पर ही समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को जनसंवाद से जोड़कर अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। जनसंवाद के माध्यम से आमजन अपनी समस्याएं व शिकायतें जन प्रतिनिधियों के माध्यम से सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचा सकते हैं।

### उज्ज्वला योजना से मिली महिलाओं को राहत

कार्यक्रम के दौरान गरीब बीपीएल परिवारों की महिलाओं को निःशुल्क उज्ज्वला गैस कनेक्शन भी प्रदान किए गए। उज्ज्वला गैस कनेक्शन पाकर महिलाओं को चूल्हे की आग की तपन और धुआं से छुटकारा मिला है। महिलाओं ने उज्ज्वला योजना का उपहार देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी जताया। सहकारिता मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए प्रतिज्ञा भी ली।



### ईमानदारी व पारदर्शिता से जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराएं अधिकारीः डॉ. बनवारी

**रेवाड़ी।** सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नववर्ष में नए संकल्प, नई ऊर्जा के साथ ईमानदारी व पारदर्शिता से कार्य करते हुए प्रदेश की जनता को बेहतरीन सेवाएं व सुविधाएं प्रदान करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी प्रोजेक्ट को शुरू कराने के उपरांत स्टेप वाइज पूरा कराएं और उसकी प्रगति की निरंतर मॉनिटरिंग करें। उन्होंने बैठक में सर्कल अधीक्षक अभियंताओं से प्रदेश में चल रहे प्रमुख प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए जानकारी भी ली। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल शनिवार को लघु सचिवालय सभागार में वीसी के माध्यम से प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसीएस, अधीक्षक अभियंता, एक्सईएन व अन्य अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रोजेक्ट की गुणवत्ता का विशेष तौर पर ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि पानी प्रदेश की जनता की मूलभूत आवश्यकता है और जीवन का आधार है।



### जिला स्तर पर छाये सीहा के नन्हे वैज्ञानिक

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा के डा. सीवी रमन साइंस क्लब के नन्हें वैज्ञानिकों ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सर्वाधिक पुरस्कार जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। क्लब ने 26800 रुपए के नकद पुरस्कार जीते, जिसमें आठ विद्यार्थियों ने प्रथम तथा छह विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्लब की अध्यक्षा प्राध्यापिका अलका ने बताया कि खंड स्तर पर ओवरऑल विजेता रहे सीहा स्कूल के 17 विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर भाग लिया, जिनमें से 14 विद्यार्थी विजेता रहे। रोल प्ले में विद्यालय की छात्रा सीमा, प्रिया, बबीता, कोमल व अनुराधा तथा मॉडल मेकिंग में रवि अहिरवार, हर्ष तथा रमन ने बाजी मारी। पोस्टर मेकिंग में सुमित, मीनाक्षी, पूनम, प्रिया तथा प्रीति सर्वश्रेष्ठ रहे। अब यह विजेता विद्यार्थी राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।



### श्रीराम अक्षत कलश की निकाली शोभायात्रा

**धारूहेड़ा।** शनिवार को कस्बे में अयोध्या से आए अक्षत कलश को लेकर शोभायात्रा निकाली गई। अक्षत कलश की माध बस्ती व केशव बस्ती में शोभायात्रा निकाली गई। अभियान के नगर संयोजक जितेंद्र यादव की अध्यक्षता में अक्षत यात्रा का लोगों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में केशव, माधव, सुभाष, राजेश सेन, राजेश सैनी, राजेश कुमार, नगर संघ चालक लक्ष्मण चांगवाल,नगर पालिका उपाध्यक्ष अजय जांगड़ा, मंडल अध्यक्ष मनोज सैनी, धर्म जागरण के प्रमुख धर्मपाल यादव, समाजसेवी सरजीत यादव, लोकेश व देवेंद्र सहित अनेक महिलाओं ने भाग लिया। धारूहेड़ा के शिवालय मंदिर से शुरू हुई अक्षत कलश यात्रा के दौरान नंदरामपुर बास रोड स्थित गायत्री मंदिर व श्री श्याम मंदिर सहित अनेक मंदिरों में अक्षत रखे गए। एक जनवरी से राम भक्त घर-घर जाकर अक्षत देकर 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण देंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बन सके।

### लोस में पारित किए गए न्याय संहिता बिल को लेकर यूनियन ने जताया विरोध

**रेवाड़ी।** रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित एटक के राज्य प्रधान ओमप्रकाश ग्रेवाल, राज्य महासचिव जयबीर व डिपो प्रधान व सचिव ने केंद्र सरकार की ओर से 26 दिसंबर को लोकसभा में पारित किए गए न्याय संहिता बिल का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह बिल चालक हित में नही हैं। इस बिल के लागू होने से देशभर का चालक बर्बाद हो जाएगा। क्योंकि बिल में वाहन चालक की ओर से घायल व्यक्ति को अस्तपाल तक इलाज के लिए पहुंचाने का प्रावधान किया हैं। अगर वाहन चालक घायल व्यक्ति को अस्पताल तक नहीं पहुंचाता है तो चालक पर 10 साल की सजा व दस लाख रुपये जुर्माना किया जाएगा। देशभर के चालक इस बिल का विरोध कर रहे हैं। यूनियन नेताओं ने कहा कि इस बिल के लागू होने से चालकों पर दोहरी मार पड़ेगी।

## अधिकारियों के निरीक्षण को सात महीने बीते, नहीं हुई पुलिस क्वार्टरों की मरम्मत

- पुलिस कर्मचारी परिवार खतरे के साए में रहने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीएलजी कमेटी के अध्यक्ष सुनील भार्गव एडवोकेट ने डीजीपी हरियाणा को रिमाइंडर भेजकर सदर थाने के पुलिस क्वार्टरों की जर्जर हालत के सुधार की मांग की है। भार्गव ने बताया कि यह क्वार्टर सन 2010 में बने थे, जिनमें 60 से 70 पुलिसकर्मियों के परिवार रहते हैं। एडवोकेट ने पहले भी इस संबंध में डीजीपी हरियाणा को शिकायत की थी, जिसके बाद सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर हाउसिंग बोर्ड मधुबन, पुलिस हाउसिंग बोर्ड के एक्सईएन व कनिष्ठ अभियंता ने मौके पर पुलिस क्वार्टरों का जायजा लिया था तथा विश्वास दिलाया थाकि क्वार्टरों की जल्दी ही रिपेयरिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा, जिसका बजट बनाकर डीडी डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस हाउसिंग बोर्ड को भेजा जाएगा, पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बाद भी आज तक रिपेयरिंग का काम शुरू नहीं हुआ है। निरीक्षण के 7 महीने बीतने के बाद पुलिस क्वार्टर की हालत ओर भी खराब हो गई है। पुलिस कर्मचारी परिवार खतरे के साए में रहने को मजबूर है। क्वाटरों के पिलर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं व जगह-जगह से प्लास्टर गिर चुका है। कई जगह से तो सरिए निकल चुके हैं, जिससे कभी भी अनहोनी हो सकती है। एडवोकट भार्गव ने डीजीपी से जल्द से जल्द इन मकानों को दुरुस्त कराने की मांग की है।


रेवाड़ी। पुलिस क्वार्टरों की दयनीय हालत। फोटो :हरिभूमि

### मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी

- पुलिस ने शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू

**रेवाड़ी।** गोकल विहार कॉलोनी में चोर एक मकान का ताला तोड़कर नकदी व चोरी कर ले गए। थाना सदर पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में अभिषेक ने बताया कि वह अपनी मां के साथ 28 दिसंबर को बहन से मिलने के लिए राजस्थान के सिंघाना गया हुआ था। वहां से वापस लौटने पर घर का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर अलमारी में रखे 45 हजार रुपये और सोने की चेन चोरी कर ले गए। उसने तुरंत पुलिस की ईआरवी को फोन किया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### नशे व साइबर क्राइम से बचने के लिए किया जागरूक

**रेवाड़ी।** रेलवे जंक्शन पर नशा व अपराध मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आरपीएफ एएससी अवतार सिंह तूर के मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक प्रदीप कुमार संगवान व जीआरपी एसएचओ श्याम सिंह ने यात्रियों को जागरूक किया। रंगकर्मी सतीश मस्तान के नेतृत्व में शाकुंतलम संगीत व नाट्य संस्था के कलाकारों ने नशा व साइबर अपराध मुक्त भारत थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वेंडरों व कुलियों सहित रेल यात्रियों को जागरूक किया। उन्होंने नववर्ष के उपलक्ष्य में किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने व अपराधियों पर नजर रखकर अपराध को खत्म करने की दिनचर्या को अपना हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

## छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के गुर सिखाए

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढालियावास में सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आत्मनिर्भर सुरक्षा अभियान के तहत लावण्या फाउंडेशन की ओर से शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढालियावास में सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक सारवी गुप्ता ने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं को किसी भी अप्रत्याशित घटना के विरुद्ध सशक्त बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मरक्षा, आत्मसुरक्षा और आत्मबल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसी भी अप्रत्याशित घटना से बचाव के लिए मानव शरीर के नाजुक अंगों पर प्रहार की विधि को बताया। छात्राओं ने प्रशिक्षक की देखरेख में अचानक सामने से कलाई, बाल या गर्दन पकड़े जाने की स्थिति में सामने वाले की पकड़ से खुद को मुक्त कराने के साथ ही उस पर हमला करने की तकनीक का अभ्यास किया। कैप संयोजक संगीता व रविन्द्र ने बताया की सरकारी विद्यालयों में सेल्फ डिफेंस कैंप लगाकर बच्चों में आत्मविश्वास की भावना जगाकर उन्हें मजबूत और सजग बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यार्थियों को बेड टच-गुड टच सहित सेल्फ डिफेंस में बिना किसी हथियार के आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। इसके साथ-साथ कानूनी अधिकारों की भी जानकारी दी गई।


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### गांवों को कवर करेगी मोदी की गारंटी वैन

**रेवाड़ी।** विकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी एवं एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि विकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्रा नववर्ष के अवसर पर एक जनवरी को 6 मोदी की गारंटी वैन के साथ एक दर्जन गांवों को कवर करेगी। प्रचार वाहन नंबर-1 गांव गिंदोखर में प्रातः 10 बजे व खडगवास में सायं 3 बजे, प्रचार वाहन नंबर-2 गांव लुखी में प्रातः10 बजे व परखोत्तमपुर में सायं 3 बजे, प्रचार वाहन नंबर-3 बावल गांव शाहपुर में प्रातः 10 बजे व गांव धरचाना में सायं 3 बजे, प्रचार वाहन नंबर- 4 गांव बोलनी में प्रातः 10 बजे व गांव ढ़ाकिया में सायं 3 बजे पहुंचकर आमजन को सरकार की अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं से लाभांवित करेंगे।

### एसआईपी से वंचित छात्र अध्यापकों का दो दिवसीय स्कूल मूल्यांकन कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के तत्वावधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हुसैनपुर व राव अभय सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन सहारनवास में 27 स्वयं पोषित संस्थाओं के डीएलएड द्वितीय वर्ष फेज-1 (प्रवेश वर्ष 2022- 24) प्रवेश वर्ष 2021-23 एसआईपी से वंचित व मर्सी चांस के छात्र अध्यापकों का विद्यालय प्रशिक्षण का दो दिवसीय स्कूल अनुभव मूल्यांकन कार्यक्रम का आयोजन 1 व 2 जनवरी को किया जाएगा।

डाइट प्राचार्य सुभाष चन्द्र ने कहा कि शिक्षक को तैयार करने में विद्यालय अनुभव कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। विद्यालय अनुभव मूल्यांकन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राध्यापक को कक्षा-कक्ष, विद्यालय की गतिविधियों, बच्चों के सीखने की प्रक्रिया, पाठ्यक्रम व विद्यालय रिकॉर्ड का रखरखाव आदि पाठशाला के विभिन्न पहलुओं को समझने का अवसर प्रदान करना है। प्राचार्य ने राव अभय सिंह कॉलेज की प्राचार्या शालिनी यादव का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। पीएसटीई विंग प्रभारी डा. विजय सिंह ने कहा कि बोर्ड का उद्देश्य है कि 100 प्रतिशत हाजिरी सुनिश्चित की जाए। अगर छात्राध्यापक की हाजिरी 90 प्रतिशत से कम मिली तो भावी शिक्षकों को वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।




### बच्चों ने सोलो डांस व फैंसी ड्रेस में दिखाई प्रतिभा

**रेवाड़ी।** सैनी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय सोलो डांस और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ अश्विनी यादव, डॉ दीपक यादव व डा रमन यादव ने दीप प्रज्जवलित कर के किया। बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लिया। सैनी सभा के प्रधान नवीन सैनी ने ऐसी प्रतियोगिताओं को बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक बताया। इस अवसर पर सैनी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन चेतराम सैनी, उप प्रधान दीपक सैनी, महासचिव मनोज सैनी, सह सचिव कैलाश सैनी, खजांची लक्ष्मीनारायण सैनी, कार्यकारिणी सदस्य यादराम सैनी, रतन लाल सैनी, उमेश सैनी, ओम प्रकाश सैनी, कॉलेजियम सदस्य मनीष सैनी, राम सिंह सैनी, अजीत सिंह सैनी, ललित सैनी, अशोक सैनी, वेद प्रकाश सैनी, भगवानदास सैनी, ओम प्रकाश सैनी, अनिल सैनी, सुभाष चंद्र सैनी, सतीश कुमार सैनी, बाबूलाल सैनी, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश सैनी, पूर्व कोषाध्यक्ष जगदीश सैनी व प्रीतम सैनी उपस्थित थे।

## अहीरवाल में सफलता दोहराने के लिए भाजपा के लिए साथ जरूरी

# नए साल के साथ शुरू होंगी चुनावी सरगर्मियां

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

नया साल शुरू होते ही सर्दी के मौसम में राजनीति माहौल गरमाना शुरू हो जाएगा। अहीरवाल क्षेत्र की राजनीति का केंद्र राव इंद्रजीत सिंह ही होंगे, जिनके राजनीतिक वजूद को कम करके आंकना भाजपा के लिए घाटे का सौदा साबित हो सकता है। पार्टी के लिए उनका विकल्प कोसों दूर तक नहीं है, जिस कारण इस क्षेत्र में सफलता दोहराने के लिए 'राव को भाव' ही सबसे बड़ा विकल्प रहेगा। राजनीतिक जीवन की निर्णायक पारी खेलने के लिए राव नए साल में एक बार फिर से समर्थकों के बीच आक्रामक तेवरों के साथ देखने को मिलेंगे। सत्तर के दशक में प्रदेश और नब्बे के दशक में केंद्र की राजनीति में प्रवेश करने वाले राव इंद्रजीत सिंह राजनीति का लंबा अनुभव साथ लिए हुए हैं। इस दौरान उन्होंने कई उतार-चढ़ाव भी देखे हैं। पिता राव बिरेंद्र सिंह की राजनीतिक विरासत को बखूबी संभालते हुए उन्होंने कई ऐसे समर्थकों को जिला परिषद से लेकर विधानसभा तक के दर्शन करा दिए, जिन्होंने शायद इसके बारे में कभी सोचा भी नहीं होगा। यह बात और है कि जिन्हें राव ने 'नेता' बनाया, उनमें से बहुमत कम साथ निभाते रहे हैं। आम से खास बनने के बाद यह 'नेता' मौका मिलते ही राव से जुदा होकर अलग रास्ते पर निकल पड़े।

### हर सीट पर नुकसान पहुंचाने की ताकत


राव इन्द्रजीत सिंह।

राव को भले ही भाजपा में इस समय ज्यादा वजन नहीं मिल रहा हो, परंतु पार्टी के सीनियर नेताओं को भी इस क्षेत्र में राजनीतिक ताकत का पूरा अहसास है। पूर्व में कम अंतर से चुनाव जीतने वाले नेताओं के लिए राव की मर्जी के बिना जीत की अगली पारी खेलना आसान नहीं है। जिद पर आने के बाद वह किसी भी सीट पर पार्टी या प्रत्याशी का खेल बिगाड़ने में पीछे नहीं रह सकते। कई हलकों में पहले भी भाजपा नेता उसी सूरत में पार्टी की टिकट पर लड़ने को तैयार हुए, जब उन्हें राव से सहयोग की उम्मीद बंधी।

### भूपेंद्र और सुधा से नहीं चल सकता काम


सुधा यादव।


भूपेंद्र यादव।

भाजपा ने राव के राजनीतिक विरोधी माने जाने वाले भूपेंद्र यादव और डा. सुधा यादव को जब केंद्र में बड़े अहोदे पर आसान किया, तो चर्चा शुरू हुई कि पार्टी ने राव के विकल्प के रूप में दोनों का महत्व बढ़ाया है। बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद न तो भूपेंद्र यादव और न ही सुधा ने अहीरावाल में जनाधार को विस्तार देने की दिशा में कोई कारनामा अभी तक किया है। दोनों मिलकर भी अहीरवाल क्षेत्र में राव की बराबरी पर खड़े होने की स्थिति में नजर नहीं आ रहे। ऐसे में पार्टी को एक बार फिर से इस क्षेत्र में सफलता हासिल करनी होगी, तो राव को वजन देना ही होगा।

# बुजुर्गों को मिला अपना नया आशियाना



रेवाड़ी। बावल रोड पर अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी।

## जिले की 24 कॉलोनियां हुई अप्रूवड

*जिले में पूरे साल अवैध कॉलोनियों पर डीटीपी का पीला पंजा चलता रहा। इस दौरान दिल्ली रोड, गढ़ी बोलनी रोड, बेरली रोड, बावल रोड सहित अन्य मार्गों पर अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। इस दौरान लोगों को राहत देने वाली अच्छी खबर भी मिली जब दो किस्तों में 24 कॉलोनियां अप्रूवड की गई। सरकार की ओर से पहली बार में 14 व हाल ही में 8 कॉलोनियां नियमित की गई है। अब इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को बिजली, पानी व सड़क जैसी सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है।*

## पुलिस के लिए चुनौती बना लूट का मामला



रेवाड़ी। सर्राफा बाजार में एक ज्वेलर की दुकान में हुई लाखों रुपये की लूट का मामला सुलझाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया था। नकाबपोश लूटेरे और बिना नंबर की बाइक ने पुलिस के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया था। इस मामले को लेकर व्यापारियों में पुलिस विभाग के प्रति भारी रोष देखने को मिला था। कड़ी मेहनत के बाद आखिर पुलिस ने लूट की इस गुत्थी को सुलझाकर सर्राफ से लूटा गया सोना दिलवाकर वाहवाही लूटी।

नरेन्द्र वत्स/हेमंत शर्मा. रेवाड़ी

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से मॉडल टाउन में बुजुर्गो को 12.19 करोड़ रुपए की लागत का ओल्ड ऐज होम मिल गया है, जिसमें 12 के करीब बुजुर्गो को आश्रम मिल रहा है। भवन करीब 65 हजार स्क्वेयर फुट में बनाया गया है। आधुनिक भवन में 184 बेड की व्यवस्था के साथ बुजुर्गों के स्वास्थ्य को देखते हुए फिजियोथैरेपी सेंटर भी स्थापित है ताकि बुजुर्गों को फिजियोथैरेपिस्ट की सुविधाएं मिल सकें। इसके साथ ही डे-केयर सेंटर, ऑब्जर्वेशन रूम और एक्टिविटी रूम व बुजुर्गों को आपस में प्यार बांटने के लिए डायनिंग रूम बनाया गया है। मल्टीपर्पज हॉल और तीनों फ्लोर पर किचन का बने हुए है। वृद्धाश्रम में बुजुर्गो के लिए पार्क भी विकसित किया गया है।



रेवाड़ी। मॉडल टाउन स्थित ओल्ड ऐज होम। फोटो :हरिभूमि



## बावल में लघु सचिवालय की मिली सौगात

*मुख्यमंत्री की ओर से जनवरी माह में वर्चुअल माध्यम से कोसली में जिला सैनिक बोर्ड की ओर से 3.24 करोड़ रुपये की लागत से सैनिक रेस्ट हाउस, गांव टहना दीपालपुर में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की ओर से 1.91 करोड़ रुपये की लागत से जलघर तथा बावल में राजस्व विभाग की ओर से 13.96 करोड़ रुपये की लागत से लघु सचिवालय भवन की सौगात दी गई।*

## ग्रामीणों ने लगाया जाम



रेवाड़ी। रोहतक हाइवे पर जाम लगाते ग्रामीण।

## अपहृत नाबालिग को लेकर 20 घंटे जाम रहा रोहतक हाइवे

जुलाई माह में गंगायचा अहीर से अपहृत नाबालिग लड़की को लेकर ग्रामीणों ने जाम लगाकर काफीरोष जताया। ग्रामीणों ने पंचायत करके सचिवालय में भी काफी प्रदर्शन किया। बाद में राजस्थान के जयपुर के पास लड़की को बरामद किया गया। पुलिस ने लड़की के अपहरण के आरोपी को भी काबू किया। लड़की के अपहरण में युवक का साथ देने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस मामले के लिए एसआईटी गठित की गई। लड़की के अपहरण के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने रोहतक हाइवे पर करीब 20 घंटे तक हाइवे जाम रखा था। पुलिस ने गांव के करीब 5 दर्जन लोगों के खिलाफ नेशनल हाइवे जाम करने का केस भी दर्ज किया, जिससे ग्रामीणों का गुस्सा और भी बढ़ गया था। इसी गांव में सीएम मनोहरलाल का जनसंवाद कार्यक्रम फिक्स था।

## ट्रेड फेयर में झूला टूटा, मां व दो बेटियां गंभीर

*जिला सचिवालय के साथ लगते हुडा ग्राउंड में चल रहे लंदन ब्रिज मेले में 12 फरवरी को झूला टूटने से एक महिला व उसकी दो बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला प्रशासन की नाक तले चल रहे ट्रेड फेयर में सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए थे। झूला टूटने के बाद मेले में अफरा-तफरी मच गई। घायलों को पास के प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया। इस घटना में संघी का बास निवासी सीमा देवी, उसकी 12 वर्षीय बेटी मुस्कान और 7 वर्षीय बेटी परिणीति बैठी हुई थी। महिला की गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली के अस्पताल ले जाया गया जहां पर करीब दो महीने बाद महिला की मौत हो गई।*





## एफओबी का कार्य अंतिम चरण में, पैदल पथ शुरू

रेवाड़ी। ट्रॉमा सेंटर से नागरिक अस्पताल को जोड़ने के लिए करीब 2.25 करोड की लागत से फुट ओवरब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में है। एफओबी में सिर्फ लिफ्ट का कार्य बचा है। एफओबी के स्ट्रक्चर जोड़ने का कार्य 19 फरवरी से 2 मार्च तक किया गया। इस दौरान सरकुलर रोड का झज्जर चौक से नसियाजी चौक तक का हिस्सा बंद दो सप्ताह तक रहा। करीब दो सप्ताह तक वाहनों का आवागमन रोक दिया गया। एफओबी का पैदल पथ शुरू हो चुका है।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में जमा दूषित पानी का फाईल फोटो।

## लंबे समय बाद कचरा कलेक्शन टेंडर, लेकिन सफाई नहीं

शहर में नगर परिषद की ओर दिल्ली की एक फर्म को लंबे समय के बाद करीब 5.50 करोड़ का डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का ठेका दिया गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन 4 महीने बाद भी शहर की सफाई व्यवस्था भी तक सुधर नहीं पाई है। फर्म को करीब 80 गाड़िया लगानी थी, लेकिन अभी ठेकेदार 35 गाड़ियों से ही काम चला रहा है। फर्म को नप की ओर से नोटिस भी दिए जा चुके है, लेकिन व्यवस्था अभी तक नहीं सुधरी है।

## सैनिक स्कूल को मिला नया भवन



करीब 12 साल बाद सैनिक स्कूल अपने गांव गोठड़ा स्थित नए भवन में शिफट हो गया। इससे पहले सैनिक स्कूल सेक्टर-4 स्थित राजकीय कन्या विद्यालय के भवन में चल रहा था। सैनिक स्कूल का छात्रावास यूथ हॉस्टल में था। सैनिक स्कूल को नया भवन मिलने से कन्या स्कूल का भवन व यूथ हॉस्टल खाली हो गए। अब नए भवन में सैनिक स्कूल की कक्षाएं सुचारू रूप से चल रही है।

## गेट का हिस्सा गिरने से टीचर की मौत

रेवाड़ी। शहर के भाड़ावास ऐतिहासिक गेट का एक हिस्सा गिरने से मलबे में दबकर बाइक सवार गांव कनूका निवासी रिटायर्ड शिक्षक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने नगर परिषद के अधिकारियों के खिलाफ केस भी दर्ज कराया, लेकिन बाद में मामला ठंडे बस्ते में चला गया। फिलहाल 4 महीने के बाद भी नगर परिषद से करीब 100 मीटर दूरी पर स्थित भाड़ावास गेट की हालत वैसी ही बनी हुई है, जबकि नगर परिषद हाउस की बैठक में शहर के सभी ऐतिहासिक गेटो के जीर्णोद्धार कराने का प्रस्ताव भी पास किया गया।



## वंदे भारत ट्रेन के ठहराव से सुगम हुआ सफर

*रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलवे जंक्शन पर 6 अगस्त से वंदे भारत ट्रेन का ठहराव होने से जिलावासियों की दिल्ली व अजमेर की यात्रा सुगम हो गई। केंद्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह के प्रयास से रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने वंदे भारत के ठहराव को हरी झंडी दी थी। ट्रेरन के ठहराव को लेकर रेलवे स्टेशन पर भव्य कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल, विधायक लक्ष्मण सिंह व पर्यटन निगम के चेयरमेन डा. अरविंद यादव सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।*

## भारी गुस्से में रहे लिपिक



रेवाड़ी। हड़ताल के दौरान बैठे लिपिक।



रेवाड़ी। एम्स की चारदीवारी का निरीक्षण करते डा. बनवारी लाल।

## खत्म नहीं हुआ एम्स के शिलान्यास का इंतजार

रेवाड़ी। माजरा में एम्स केंद्र सरकार का बड़ा प्रोजेक्ट है। गत वर्ष की तरह इस बार भी एम्स का शिलान्यास नहीं हो सका। एम्स संघर्ष समिति के आंदोलन का तीसरा चरण चल रहा है। जमीन का पट्टा सरकार के नाम हो चुका है। एम्स की उम्मीद चारदीवारी की निर्माण शुरू होने के साथ जग गई थी, परंतु इसकी ओपी और कक्षाएं शुरू होने का इंतजार खत्म नहीं हुआ है।

## एनजीओ को स्कूल भवन लीज पर देने का उठा मुद्दा





*सेक्टर-4 में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का भवन एनजीओ को सौंपने के मामले को लेकर जून माह में राजनैतिक व सामाजिक संगठन एकजुट हो गए तथा कन्या स्कूल बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया। सरकार की ओर से विकल्प एनजीओ को भवन दे दिया गया था, जिसके बाद लोगों के प्रयास से एनजीओ से स्कूल भवन तो मुक्त हो गया, लेकिन इस बीच एनजीओ ने स्कूल भवन की तोड़फोड करके दशा बिगाड़ दी। मामले के 6 महीने बाद भी स्कूल भवन की दशा वैसी ही बनी हुई है तथा स्कूल पर ताला लगा हुआ है।*

## संकल्प यात्रा से लोगों को जोड़ने का प्रयास



रेवाड़ी। भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित बनाने के सपने को साकार करने के लिए जिले विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद को 31 दिन हो चुके है। संकल्प यात्रा के चार प्रचार वाहन प्रतिदिन आठ गांवों में जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभांवित कर रहे है। प्रतिदिन भाजपा प्रतिनिधि कार्यक्रम में लोगों को जागरूक कर रहे है। यह यात्रा 25 जनवरी तक जारी रहेगी।

## हड़ताल पर 48 दिन तक डटे रहे लिपिक

रेवाड़ी। क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी के आह्वान पर वेतनमान बढ़ोतरी की मांग को लेकर जिले में करीब 48 दिन चली लिपिकों की हड़ताल से सरकारी कार्यालयों में कामकाज ठप रहा। इस दौरान लिपिकों के समर्थन में जिले की सभी यूनियन व सामाजिक संगठन भी सरकार के खिलाफ खड़े हो गए थे। सभी विभागों के लिपिक 35400 रुपए वेतनमान की मांग कर रहे थे। लिपिकों ने इस दौरान पुतले फूंकने के साथ काफी प्रदर्शन किया। बाद में सरकार के आश्वासन के बाद लिपिक काम पर लौटे।



रेवाड़ी। जाम के दौरान मटकें फोड़ती महिलाएं।

## पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

रेवाड़ी। जून माह में बढ़ती गर्मी के साथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल किल्लत बढ़ गई। बेरली रोड पर गांव चांदावास में पीने के पानी की किल्लत को लेकर ग्रामीणों ने रोड जाम कर दिया। ग्रामीण जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। महिलाओं ने सड़क पर खाली मटकें भी फोड़ दिए। जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझााने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने पीने के पानी को लेकर लिखित में आश्वासन मांगा। ग्रामीण बूस्टिंग स्टेशन को लेकर जमीन देने को भी तैयार थे।

## शोरूम में भीषण आग लगी



## भीषण आग से करोड़ों की गाड़ी स्वाहा

रेवाड़ी। शहर के दिल्ली रोड स्थित हुंडई के कार शोरूम में 9 सितंबर को भीषण आग लग गई, जिसमें करीब 50 गाड़ियां जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड की 6 से अधिक गाड़ियों ने 6 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से करीब 10 करोड़ रुपए के नुकसान का आंकलन लगाया गया।

## पहली बार सजा बाल महोत्सव का मंच

रेवाड़ी। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ की ओर से बालभवन रेवाड़ी में पहली बार राज्य स्तरीय बाल महोत्सव का आयोजन किया गया। पांच दिन चले राज्य स्तरीय बाल महोत्सव में 41 प्रतियोगिताओं में प्रदेश से 2588 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अंबाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, रोहतक व करनाल मंडल के मंडल स्तरीय विजेता प्रतिभागियों ने भाग लिया। राज्य स्तर पर पोस्टर मेकिंग, कार्ड मेकिंग, स्केचिंग, क्ले मोडलिंग, दीया-कैंडल सजावट, थाली-कलश सजावट, बेस्ट ड्रामेबाज, फन गेम्स, हस्त लेखन, रंगोली, भाषण व क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।



## धारूहेड़ा में रैंप बनाकर रोका दूषित पानी



रेवाड़ी। अगस्त माह में बनाया गया रैंप।

*रेवाड़ी। राजस्थान के भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र से धारूहेड़ा में छोड़े गए दूषित पानी के जलभराव को लेकर लोग काफी परेशान रहे। दूषित पानी को लेकर नपा चेयरमैन सहित पार्षदों व व्यापारियों ने बाजार बंद करके धरना भी दिया। नेताओं और संगठनों ने भी प्रदर्शन किया। अगस्त माह में मुख्यमंत्री के जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर धारूहेड़ा-भिवाड़ी के बार्डर पर करीब 4 फीट ऊंचे रैंप का निर्माण करके पानी को रोका गया, जिसके बाद सीएम ने भी मौके का जायजा लिया। चार महीने बाद एक बार दूषित पानी फिर से धारूहेड़ा के सेक्टरों में आने लगा है।*



रेवाड़ी-जैसलमेर नेशनल हाइवे।

## नए हाइवे से रेवाड़ी-जैसलमेर का सुगम हुआ सफर

रेवाड़ी। जिले को रेवाड़ी से जैसलमेर तक के करीब 675 किलोमीटर लंबे नए राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-11 की सौगात मिली है। नेशनल हाइवे के शुरू होने से लोगों का सफर सुगम हो गया। दिल्ली से जैसलमेर की दूरी वाया जयुपर के मुकाबले करीब 100 किलोमीटर कम हो गई है। इसके अलावा लंबे समय से परेशानी बन रहे नारनौल रोड के पाली रेलवे फाटक पर भी फ्लाईओवर बनकर शुरू हो गया है।